Reg:-Govt.of india


# समाचार संध्या

झारखण्ड

SUBSCRIBE Ss samachar sandhiya

समाचार संध्या न्यूज

Email: - samacharsandhiyanews@gmail.com Samacharsandhiya.com रविवार 29 दिसम्बर 2024



# जन सहयोग के माध्यम से 9 वर्षों से राष्ट्रीय सेवा मंच गरीबों के बीच कर रहा है भोजन का वितरण

## स्व. नंदकिशोर वर्णवाल की 19वीं जयंती पर साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में गरीबों को कराया भोजन






**समाचार संध्या**

भुरकुंडा रामगढ़। सामाजिक संस्था राष्ट्रीय सेवा मंच के बैनर तले पटेलनगर निवासी स्व. नंदकिशोर वर्णवाल की 19वीं जयंती पर उनके पुत्र द्वारा रविवार को साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में दुर-दराज ग्रामीण क्षेत्रो से दातुन-पत्तल बेचने आने वाले गरीबों को भोजन कराया गया। कार्यक्रम की शुरूआत स्व. नंदकिशोर वर्णवाल के पुत्र पिंकू वर्णवाल और रिंकू वर्णवाल सहित मंच के लोगों ने उनके तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देकर की। इसके बाद मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह और स्व. नंदकिशोर वर्णवाल के पुत्र पिंकू वर्णवाल व रिंकू वर्णवाल दर्जनों गरीब-जरूरतमंद महिला-पुरूषों के बीच पुरी-सब्जी और खीर का वितरण करते हुए इसे सबसे बड़ा पूण्य का कार्य बताया। मौके पर मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह ने कहा की गरीबों की सेवा ही मंच का उद्देश्य है जो निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि जन सहयोग के माध्यम से पिछले 9 वर्षो से मंच द्वारा गरीबो को भोजन कराया जाता रहा है, जो आगे भी जारी रहेगा। अध्यक्ष श्री सिंह ने गरीबों की सेवा में सबों को तन-मन-धन से सहयोग करने की भी अपील की। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल, राजु मल्होत्रा, उदयभान दुबे, कारू यादव, लालु उरांव, सुकरा करमाली, दिलीप गंझू, लखन राम, बारीक अंसारी, रामशरण गिरी, रंजीत यादव, संजू सिन्हा, राकेश शर्मा, शिवकुमार यादव, मो. शाहिद आदि का विशेष योगदान रहा।

# भाजपा भदानीनगर मंडल ने देवरिया पंचायत में सुनी पीएम मोदी के मन की बात

## देश और समाजहित में निस्वार्थ भाव से कार्य करने का हुआ आह्वा

### देश का कमान पीएम मोदी के हाथों में ही सुरक्षित : सागर दांगी



**समाचार संध्या**

भुरकुंडा (रामगढ़)। भारतीय जनता पार्टी भदानीनगर मंडल अन्तर्गत देवरिया पंचायत के बूथ संख्या 344 में रविवार को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मोदी के मन बात की 117वीं एपिसोड सुनी और देखी गई। मंडल अध्यक्ष सागर दांगी के नेतृत्व में दर्जनों भाजपाईयों ने पीएम मोदी के मन की बात सुनकर उसे जीवन में उतारने की बात कही। मन की बात में पीएम मोदी ने इस साल को आर्थिक सुधारों वाला साल बताया। जिसमें विभिन्न प्रकार के प्रयोग हुए। साथ ही कैंसर जैसी गंभीर बीमारी का उपाय और निवारण की भी बात बताई। उन्होंने कुंभ मेला का जिक्र करते हुए देशवासियों को कई महत्वूपर्ण जानकारियां भी दी। मौके पर मंडल अध्यक्ष सागर दांगी ने कहा कि देश का कमान सही मायने में पीएम मोदी के हाथों में ही सुरक्षित है। उन्होंने भाजपाईयों से संगठन को और मजबुत करने के लिए अधिक से अधिक नये सदस्यों को संगठन में जोड़कर पीएम मोदी के हाथों को और मजबुत करने का आहवान किया। मंडल अध्यक्ष श्री दांगी ने कहा कि भाजपा सबों को एक समान मान-सम्मान देती है। हमसबों को भी देश और समाजहित में निस्वार्थ भाव से कार्य करने का संकल्प लेने की जरूरत है। पीएम मोदी के मन की बात सुनने वालो में मंडल अध्यक्ष सागर दांगी, महामंत्री राजेंद्र मुंडा, कोषाध्यक्ष देवेंद्र सिंह, सोशल मीडिया प्रभारी आनंद कुमार, लालू बेदिया, घनश्याम प्रजापति, सिद्धार्थ गोस्वामी, दीपक देव, मुन्ना कुमार, आदित्य पासवान, साबिर अंसारी, अरुण यादव, भोला महतो, शहजाद अंसारी, बलकु बेदिया आदि शामिल थें। इधर भुरकुंडा में भी मुखिया अजय पासवान के नेतृत्व में पीएम मोदी के मन की बात सुनी गई।

# अग्रगति संस्था ने रामगढ़ जंक्शन में आरपीएफ और जीआरपी के अधिकारियों के साथ की बैठक

## बाल तस्करी व बाल मजदूरी पर की चर्चा, इस समस्या को समाप्त करने का लिया गया संकल्प

## बाल तस्करी एवं बाल मजदूरी बच्चों एवं देश के भविष्य का हनन है : किरण शंकर दत्त






**समाचार संध्या**

भुरकुंडा (रामगढ़)। अग्रगति संस्था ने रामगढ़ के रेलवे जंक्शन में रविवार को आरपीएफ और जीआरपी के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में बाल तस्करी एवं बाल मजदूरी की बढ़ती संख्या पर चिंता जताया गया। इस समस्या के खत्मा को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। कहा गया कि इस समस्या को खत्म करने के लिए अग्रगति संस्था लगातार प्रयास कर रही है। बाल तस्करी एवं बाल मजदूरी में बच्चों को कई समस्याओं से जूझना पड़ता है। मौके पर संस्था के परियोजना पदाधिकारी किरण शंकर दत्त ने कहा कि बाल तस्करी एवं बाल मजदूरी बच्चों एवं देश के भविष्य का हनन कर रही है। उन्होंने कहा कि बाल तस्करी में लोगों को प्रलोभन, बहला-फुसलाकर या पैसों का झांसा देकर शारीरिक शोषण से लेकर शरीर के अंगों तक का व्यापार किया जा रहा है। इस विषय पर विशेष पहल करने की आवश्यकता है। जिससे लोगों को उनके साथ होने वाली इस घटनाओं को समाप्त किया जा सके। मौके पर आरपीएफ के इंस्पेक्टर कृष्ण कुमार पासवान ने कहा कि इस मुद्दे पर हम और हमारी पूरी टीम अग्रगति संस्था के साथ हैं। बाल मजदूरी और बाल तस्करी को समाप्त करने का संकल्प लेते हुए उन्होंने कहा कि बाल तस्करी एवं बाल मजदूरी पर होने वाली दुष्प्रभाव को जन-जन तक पहुंचा जाएगा। ताकि इसके दुष्प्रभाव से सबों को बचाया जा सके। मौके पर जीआरपी के एसआई बी. चटर्जी, एएसआई रमन देवगन, कपिलदेव यादव, कांस्टेबल खुशबू मूर्ति, अग्रगति संस्था के गौतम कुमार शर्मा, मो. बिलाल अंसारी, हरिनाथ महतो, अनीता देवी, इशरत जहां आदि मौजूद थें।

# गिद्दी सी फुटबॉल स्टेडियम में चल रहे चार दिवसीय सीसीएल अंतर क्षेत्रीय हॉकी प्रतियोगिता का हुआ समापन

## खेले गए फाइनल मैच में हजारीबाग क्षेत्र की टीम ने बरका सयाल को 1-0 से पराजित कर प्रतियोगिता पर अपना कब्जा जमाया

## मैन ऑफ द मैच व मैन ऑफ द सीरीज आनंद कुमार

## खिलाडी को खेल भावना से खेलना चाहिए, सीसीएल खिलाडी को तरासने का काम करती है : हर्षनाथ मिश्र

**समाचार संध्या**

गिद्दी। गिद्दी सी फुटबॉल स्टेडियम में चल रहे चार दिवसीय सीसीएल अंतर क्षेत्रीय हॉकी प्रतियोगिता का समापन हो गया।प्रतियोगिता का आयोजन सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र द्वारा किया गया। हजारीबाग और बरका सयाल क्षेत्र के बीच खेले गए फाइनल मैच का मुकाबला जबरदस्त रहा। फाइनल मैच में हजारीबाग क्षेत्र ने बरकासयाल क्षेत्र को 1-0 से पराजित कर प्रतियोगिता पर कब्जा जमाया। प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ खिलाडी और मैन ऑफ द मैच हजारीबाग के आनंद कुमार को दिया गया। जबकि सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर का ख़िताब से हजारीबाग के गोलकीपर गुनीलाल मांझी को नवाजा गया।सर्वश्रेष्ठ डिफेन्डर बरकासयाल के रमेश हांसदा को और बेस्ट स्कोरर राजू मुर्मू बरकासयाल क्षेत्र को दिया गया। निदेशक कार्मिक हर्षनाथ मिश्र ने विजेता टीम को कप देकर सम्मानित किया गया।मुख्य अतिथि का स्वागत बुके और बैच पहनाकर किया गया। मुख्य अतिथि निदेशक कार्मिक द्वारा दोनों टीम के खिलाडी से परिचय प्राप्त कर और बैलून उड़ाकर खेल की शुरुआत की गई। प्रतियोगिता में कुल 12 टीमों ने हिस्सा लिया।मुख्य अतिथि सीसीएल मुख्यालय रांची के निदेशक कार्मिक हर्षनाथ मिश्र ने कहा कि सभी खिलाडी को खेल भावना से खेलना चाहिए।मैच में हार जीत तो लगी रहती हैं। श्री मिश्र स्टेडियम को देखकर काफ़ी गदगद हुए और कहा कि सचमुच हमारे अधिकारियो और कर्मचारियों ने स्टेडियम को अच्छा और आकर्षक रूप दिया है। उन्होंने कहा कि सीसीएल द्वारा फुटबॉल, वॉलीबॉल, हॉकी,क्रिकेट, कैरम आदि की प्रतियोगिता करवाकर अच्छे व प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को तरासने का काम करती है। और इंडिया लेवल पर उन्हें कोल इंडिया कि ओर से खेलने का मौका दिया जाता है। मौके पर सीसीएल के खेल प्रबंधक आदिल हुसैन ने कहा कि उक्त तमाम प्रतियोगिताएं खिलाड़ियों के लिए मिला का पत्थर साबित होगा। सीसीएल के अधिकारी खिलाड़ियों को तरासने का काम कर रहे हैं। अरगड्डा महाप्रबंधक एसके झा द्वारा खिलाडियों कि प्रशंसा करते हुए कहा कि क्षेत्र में इस तरह की प्रतियोगिता से खिलाड़ियों का शारीरिक व मानसिक विकास करने में सहयोगी होता है। मुख्य अतिथि के आगमन पर उनका सिटीजन पब्लिक विद्यालय गिद्दी ए द्वारा बैंड बाजे के साथ स्वागत किया गया।सतीश श्रीवास्तव,पीओ गिद्दी सी जीतेन्द्र सिंह, गिद्दी ए पीओ आर. के सिन्हा, स्टाप ऑफिसर कार्मिक मो. एम हक, एसओसी गौरव तिवारी, कार्मिक प्रबंधक मनीष अम्बष्ठा,सिकंदर कुमार,अनूप डूंगडूँग,एस के तिवारी, आर के ठाकुर,संतोष चन्द्रवेश,दुर्गेश सिंह, संजीव झा,मिथिलेश सिंह,जन्मजेय सिंह, मधुसूदन सिंह,धनेश्वर तुरी, रंजीत पांडे,पुरुषोत्तम पांडे, कमरुद्दीन, देवनारायण,रणधीर, निकेश प्रताप,रमेश कर्मकर, ब्रह्मदेव सिंह, कृष्णा सिंह,युगल महतो, सतीश चौधरी,कौशिक दत्ता,प्रदीप रजक, कुंजलाल प्रजापति, जगदीश चंद्र बेदिया, गौतम बनर्जी आदि लोग मौजूद थे।










# सिरका लोकल सेल का 56 घंटो से लोकल सेल संचालन समिति व रैविमो के द्वारा मजदूरों के बकाया पैसे भुगतान को लेकर चक्का जाम आंदोलन जारी, कल से करेंगे कोयला खनन प्रभावित

**समाचार संध्या**

**रिपोर्ट एस. कुमार**






सिरका। सीसीएल अरगड्डा प्रक्षेत्र के कोलयरी सिरका कोलयरी लोकल सेल का डिस्पैच का काम 56 घंटे से बाधित है. इससे कोयला प्रोडक्शन महीना में सीसीएल को प्रतिदिन लाखों का नुकसान हो रहा है, लोकल सेल मजदूर बेरोजगार हैं, यहां लोकल सेल संचालन समिति व रैयत विस्थापित मोर्चा सिरका के बैनर तले बीते सितंबर माह 2024 से बकाया मजदूरी को लेकर आंदोलन किया जा रहा है। इस संबंध में सेल संचालन समिति के राजेश बेदिया ने बताया कि अब तक के आंदोलन और प्रबंधन के नाकारात्मक रुख को देखते हुए उग्र आंदोलन करने की तैयारी की जा रही है, जिसके तहत कल सिरका कोयला खनन कार्य को भी प्रभावित बंदी करने का की बात है। मौके पर आंदोलनरत भुवनेश्वर बेदिया ,कालीचरण महतो, मदन राम, मुखलाल बेदिया, रूपन गोप, छोटेलाल महतो, बाल किशुन महतो, इरफान खान, अर्जुन बेदिया, त्रिवेणी कुम्हार, बादल, राजू समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

# स्वतंत्रता सेनानी जीतराम को लोग अरगड्डा में कल करेंगे याद

## टोंगी, पडरिया, बुमरी, हेसला समेत कई गांव से लोग जयंती अवसर पर पहुंचेंगे, देंगे श्रद्धांजलि

समाचार संध्या
रिपोर्ट एस. कुमार



सिरका। स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद जीतराम बेदिया की 222वीं जयंती समारोह अरगड्डा जीएम ऑफिस चौक पर कल 30 दिसंबर को हर्षोउल्लास के साथ मनाई जाएगी. इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है. इस संबंध में आयोजन समिति प्रतिनिधि व समाजसेवी हीरालाल बेदिया, अरुण बेदिया, महेश बेदिया, व शत्रुधन बेदिया , सिकंदर मुंडा ने एक साथ बताया कि स्वतंत्रता सेनानी जीतराम जी के प्रतिमा पर समाज के सभी लोग माल्यार्पण कर इन्हें याद करेंगे. बताया कि सेनानी ने अपने समय काल में सामाजिक उत्थान और देश की क्रांति में अपना बहुमूल्य योगदान दिया था. आस-पास के क्षेत्र से ग्रामीण युवा महिला पुरुष बच्चे कार्यक्रम में शामिल होंगे। मौके पर गुलचंद बेदिया , अबोध बेदिया ,रविंद्र बेदिया सहित कई युवा उपस्थित थे।

# सिरका श्रमिक स्टेडियम में स्वर्गीय रविंद्र महतो दो दिवसीय मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट हुआ संपन्न

## दो सेमीफाइनल व फाइनल मैच खेले गए, मैन ऑफ़ द सीरीज बने दानिश, खिलाड़ियों में हर्ष



समाचार संध्या
रिपोर्ट एस.कुमार

सिरका। अरगड्डा - सिरका के श्रमिक स्टेडियम मैदान में दो दिवसीय स्वर्गीय रविंद्र महतो मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का सेमीफाइनल व फाइनल मैच खेला गया. जिसमें प्रथम सेमी फाइनल मैच 8 ओवर का हुआ. मैच भूचुंग एलेवन बनाम सागर एलेवन टीम के मध्य हुआ. इसमें 122 रन का लक्ष्य सागर एलेवन टीम ने दिया. भूचुंग एलेवन ने 5 विकेट से मैच जीत लिया. मैन ऑफ द मैच सूरज सिंह बने। दूसरे सेमीफाइनल मैच अंकित रनर एकेडमी बनाम चुन्नू एलेवन के बीच हुआ. इसमें 77 रन का टारगेट मिला. जिसे अंकित ने आठ विकेट से मैच जीता. चुन्नू एलेवन टीम के मैन ऑफ द मैच दानिश रहे. अंतिम फाइनल मुकाबले में 10 ओवर का मैच चला. जिसमें भूचुंग एलेवन बनाम चुन्नू एलेवन के बीच खिताबी मुकाबला की भिड़ंत हुई. जिसमें 109 रंग का टारगेट भूचुंग एलेवन को मिला. फाइनल मैच चुन्नू एलेवन ने चार विकेट से मुकाबला अपने नाम किया. मैन ऑफ द मैच व सीरीज खिलाड़ी दानिश बने. विजेता टीम से आयुष ने 42 रन का शानदार और रनर टीम से दीपू ने 60 रन की जानदार पारी खेली. विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों को मेडल और ट्रॉफी देकर मुख्य अतिथि हिन्दू टाईगर फोर्स के रामगढ़ जिलाध्यक्ष रणधीर सिंह ने सम्मानित किया. मौके पर आयोजनकर्ता श्याम गोप, रणधीर, चुन्नू, अब्दुल, आशीष, राजा, मनीष, अजय, सूरज सिंह, अंकित सिंह, राज कुमार, आयुष, दीपू, दानिश, कुणाल, सागर, थापा, अतुल, ऋतिक, माला, सुमित, अमित, समेत कई युवा उपस्थित थे।

# बी स्ट्रांग जीम अरगड्डा में स्वास्थ्य जागरूकता को लेकर पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन



**समाचार संध्या**

**रिपोर्ट एस. कुमार**

सिरका। अरगड्डा में बी स्ट्रांग जीम के प्रांगण में पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. अवसर पर बी स्ट्रांग जीम के ऑर्गेनाइजर चुन्नू कुमार ने बताया कि युवाओं को स्वास्थ्य के प्रति मोटिवेशन व जागरूकता के लिए इस प्रकार का आयोजन किया जाता है. इससे स्वास्थ्य के प्रति मनोबल बढ़ता है। विजेताओं में बेंच प्रेस विनर प्रियांशु कुमार, डेडलिफ्ट विजेता सावन कुमार, पुश अप विजेता जैक सहित कई रहे. जिन्हें मेडल और प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। मौके पर कई युवा उपस्थित थे।

# चुम्बा में तेली साहु समाज का वनभोज सह मधुर मिलन समारोह का आयोजन

**समाचार संध्या**

**रिपोर्ट एस कुमार**

सिरका। चुम्बा में रविवार को तेली साहु समाज का वनभोज सह मधुर मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भिरवारी साहु की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। वनभोज सह मिलन समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व कृषि मंत्री योगेन्द्र साव उपस्थित थे। इस वनभोज कार्यक्रम सैकड़ो महिला पुरुष सम्मिलित हुए। वनभोज कार्यक्रम में सभी लोगों ने स्वादिष्ट व्यंजन का आनन्द लिए। वनभोज सह मिलन समारोह में चुम्बा, बुमरी में अतिरिक



सिरका, कनकी, रामगढ़, फुलसराय आदि से स्वजातीय बन्धु उपस्थित रहे। वनभोज में आयें तमाम लोगों ने बड़का चुम्बा में बनाये जा रहे धर्मशाला साहु धर्मशाला का शीघ्र बनाने पर जोर दिए और यथा संभव मदद देने की घोषणा किए। आगन्तुक मेहमानों में धनंजय प्रसाद, धीरज, रविन्द्र साव, कपिल देव साहु (अधिवका), कुंज बिहारी साहू, जागो साव, अमित साव, बुधन साव, सुरेन्द्र दिनदयाल साव आदि। इस मौके पर कार्यक्रम को सफल बनाने में बड़का चुम्बा, मंझला चुम्बा, बुमरी पंचायत के दर्जनों युवकों का अथक प्रयास रहा इनमें अरविन्द प्रसाद गुप्ता, रमेश प्रसाद गुप्ता, रणजीत साव, रवि साव, दिनेश साव, नरेश साव, सत्येन्द्र प्रसाद, राजगीर साव, भगीरथ प्रसाद, प्रेम साव, रामचरीत साव, विनोद साव आदि शामिल थे।

# एक दिवसीय कानूनी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

## वक्फ बोर्ड संशोधन बिल 2024 की निंदा तथा एक स्वर में रद्द करने की मांग



**समाचार संध्या**

रामगढ़ । आज दिनांक 29 -12 -2024 रविवार को नैसराय ईदगाह रामगढ़ में एक दिवसीय कानूनी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री ए के रशीदी वक्फ बोर्ड के मेम्बर इबरार अहमद, सैयद तहजीबुल हसन रिजवी ,हैदर अली राष्ट्रीय सचिव ए



आई एल सी, वैजूर रहमान महा सचिव ए आई एल सी झारखंड ए पी सी आर के प्रदेश उपाध्यक्ष मोहम्मद राजौल्लाह, अजहर खान कन्वेनर अंजुमन इस्लामिया रांची इस कार्यक्रम में उपस्थित थे। इबरार अहमद रहनुमा के द्वारा ये बताया गया की वक्फ बोर्ड के रामगढ़ जिला में यतीम खाना पुस्तकालय भवन एवम हर जिला में जिला स्तरीय वक्फ बोर्ड की समिति गठन किया जाए। वक्फ बोर्ड संशोधन बिल २०२४ की निंदा करते हैं तथा एक स्वर में रद्द करने की मांग करते है झारखंड वक्फ बोर्ड को सक्रिय किया जाय और इसकी आमदनी से गरिब मिस्किन जरूरतमंद लोगों और छात्र छात्राओं को लाभ दिया जाय साथ वोकेशनल ट्रेनिंग की वयवस्था की जाय साथ ही यह भी प्रस्ताव पारित किया जाता है की राज्य में वक्फ की तमाम धार्मिक संपतियो का पंजीकरण किया जाय और सभी संपतियों का आंकड़ा उपलब्ध किया जाए, मस्जिद के इमाम , मोआजिन को मानदेय दिया जाय,यह भी प्रस्ताव पारित किया जाता है की राज्य के हर जिला में वक्फ बोर्ड का एक लीगल सेल की स्थापना की जाय और साथ ही अस्थानीय भाषा और उर्दू को प्रोत्साहित किया जाय साथ ही यह भी प्रस्ताव पारित किया गया की फुलटाइम सीईओ की नियुक्ति किया जय ,इस कार्यक्रम को आयोजित रामगढ़ माइनोरिटी एडवोकेट्स एंड वेलफेयर सोसायटी ने किया ,इस कार्यक्रम को सफल बनने मे नैसराई अंजुमन कमिटी , कब्रिस्तान कमिटी एवम जिला एकता कमिटी की अहम भूमिका रही।